भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1098**#**

गुरूवार, 15 दिसम्बर, **202**2/24 अग्रहायण, **194**4 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

रामायण सर्किट में विकास कार्य

1098**#.** श्री सतीश चंद्र दूबेः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों में रामायण सर्किट से जोड़े गए बिहार के सीतामढ़ी पूनौरा धाम, बक्सर और दरभंगा में कौन-कौन से विकास कार्य किए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**;**

(ख) इन सभी तीर्थस्थलों को केंद्र सरकार के द्वारा कितनी राशि मुहैया करवाई गई है**;**

(ग) क्या ये विकास कार्य राज्य सरकार के द्वारा करवाए जा रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को कोई रिपोर्ट भेजी गई है**;** और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) : **"**रामायण परिपथ**"** स्वदेश दर्शन 1.0 योजना (2014-15 से मार्च 2022) के तहत विभिन्न थीमेटिक परिपथों में से एक था । स्वदेश दर्शन 1.0 के अंतर्गत सीतामढ़ी के पुनौरा धाम**,** बक्सर तथा चम्पारण के लिए कोई परियोजना अनुमोदित नहीं की गई है । अप्रैल 2022 में प्रारंभ की गई **"**स्वदेश दर्शन 2.0**"** योजना के अंतर्गत बिहार की राज्य सरकार द्वारा विकास हेतु अपनी राज्य संदर्शी योजना के माध्यम से इन गंतव्यों के लिए कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया है । तथापि वर्ष 2022 में बिहार सरकार के अनुरोध पर मंत्रालय की प्रशाद योजना के तहत **"**सीतामढ़ी जिले में पुनौरा धाम**"** को शामिल किया गया है ।

*****